**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 5349 / कपि-25 / 118 दिनांक 20-6-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— **समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में दिनांक 20.06.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 20.06.2026 को समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित खबर **'जल जीवन मिशन की टंकी शोपीस, 12 गांवों में पेयजलः करोड़ों की योजना पर सवाल, पाइपलाइन जाम से ग्रामीण परेशान'** के संदर्भ में अवगत कराना है कि खबर का संज्ञान लेते हुए जूनियर इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जहांगीराबाद पेयजल योजना, विकास खण्ड बंकी में योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है।योजनान्तर्गत सम्मिलित 08 मजरों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है परन्तु वर्तमान में पाइप लाइन चोक हो जाने के कारण मजरा जहांगीराबाद, ढोमा एवं कोइल में पूर्ण रूप से जलापूर्ति नही हो रही है। 15 दिवस के अन्दर उक्त समस्या का निराकरण कराते हुए समस्त ग्राम पंचायत में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।





भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री अजय रंजन, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 पी0एन0सी0, बाराबंकी को इस निर्देश के साथ कि निर्धारित समयान्तर्गत अवशेष मजरों में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन की टंकी शोपीस, 12 गांवों में पेयजल:करोड़ों की योजना पर सवाल, पाइपलाइन जाम से ग्रामीण परेशान

**अशरफ अली | जहांगीराबाद (नवाबगंज), बाराबंकी2 घंटे पहले**



जल जीवन मिशन के तहत लगी टोटी।

बाराबंकी के जहांगीराबाद क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा गया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत माझपुरवा गांव के पास बनी पानी की टंकी 12 गांवों वाली न्याय पंचायत को पर्याप्त जलापूर्ति देने में विफल साबित हो रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है। कई स्थानों पर पाइपलाइन जाम होने के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इशरत अली, मोहम्मद इरफान, तालिब, अतीक, राजू और अकील सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी यह पानी की टंकी अब केवल शोपीस बनकर रह गई है। उनका कहना है कि योजना का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच रहा है, जिससे सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कर नियमित पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

इस संबंध में ठेकेदार बसु जैन ने बताया कि पंचायत क्षेत्र का दायरा काफी बड़ा होने के कारण आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने इंजीनियरों और श्रमिकों की कमी को भी मरम्मत कार्यों में देरी का एक कारण बताया।

वहीं, ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता ने जानकारी दी कि टंकी के निर्माण के बाद से ही जलापूर्ति में लगातार समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है और ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए प्रयास जारी हैं।

Scanned with OKEN Scanner